# पर्यावरण-जल संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन

## सीएम यादव ने विशेष अभियान का किया शुभारंभ



नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 12 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दूसरे चरण के तहत रविवार को इंदौर में 21 लाख पौधारोपण और 51 हजार वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के महाअभियान का शुभारंभ हुआ.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीएसएफ परिसर स्थित ग्राम बुढ़ानिया में फलदार पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की. डॉ यादव ने कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाए.


मुख्यमंत्री ने कहा कि मां अहिल्या की नगरी इंदौर ने हमेशा सेवा, संस्कृति और जनभागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया है. प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया है. गुड़ी पड़वा से 30 जून तक चलाए गए विशेष अभियान में प्रदेशभर में कुओं, बावड़ियों, तालाबों, नदियों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण का व्यापक कार्य किया गया है.

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान साहस का परिचय देने वाले बीएसएफ जवान रवि चौहान और रामेंद्र सिंह का सम्मान किया गया. नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ जल संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है.

### राम-लक्ष्मण की जोड़ी और ग्रीन सिटी का संकल्प

अभियान में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर को क्लीन सिटी के साथ ग्रीन सिटी बनाया जा रहा है. उन्होंने प्रह्लाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय की जोड़ी को राम-लक्ष्मण की तरह अमर बताते हुए कहा कि मंत्री तुलसीराम सिलावट भी हर कदम पर साथ हैं. मुख्यमंत्री ने आकाश विजयवर्गीय को अपना भतीजा बताते हुए आयोजन की सराहना की. वहीं कैलाश विजयवर्गीय ने हल्के फुल्के मजाकिया अंदाज में कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव आजकल उनकी बैठकों में नहीं आते और काफी व्यस्त रहते हैं.

# पीतांबरा पीठ पहुंचे भाजपा प्रत्याशी आशुतोष



**दतिया, 12 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद आशुतोष तिवारी रविवार को पहली बार पीतांबरा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने मां पीतांबरा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया.**

पीतांबरा पीठ परिसर में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. इस अवसर पर सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे. इस दौरान आशुतोष तिवारी ने कहा कि उन्हें जनता की सेवा का अवसर मिला है और वह मां पीतांबरा के आशीर्वाद तथा पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में क्षेत्र की सेवा करेंगे. उन्होंने कहा कि पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के विकास के लिए जो कार्य किए हैं, उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा.

> उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य किया जाएगा. उन्होंने युवाओं से भाजपा का साथ देने की अपील करते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं. पूजा-अर्चना के बाद श्री तिवारी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की. उनकी इस यात्रा को दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है.


### एक नजर में

#### चलते कंटेनर के केबिन में लगी आग

**मुरैना.** जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रविवार को चलते कंटेनर के केबिन में अचानक आग लग गई. चालक और क्लीनर ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली. कंटेनर ग्वालियर से आगरा जा रहा था. इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर होटल इन्द्रलोक के समीप उसके केबिन में अचानक आग लग गई. आग लगते ही चालक ने कंटेनर को सड़क किनारे खड़ा किया और क्लीनर के साथ वाहन से बाहर निकल गया. आग की तेज लपटों के कारण कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आग से कंटेनर का केबिन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया.

#### ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की हत्या

**मैहर.** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के खारा गांव में विवादित जमीन की जुताई का विरोध कर रही एक महिला की कथित तौर पर ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को नामजद किया है. खारा गांव में 47 वर्षीय अठमनिया साकेत विवादित जमीन की जुताई का विरोध कर रही थीं. इसी दौरान वह ट्रैक्टर के सामने खड़ी हो गईं. आरोप है कि उन्हें ट्रैक्टर से कुचल दिया गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने इस मामले में सुदर्शन साकेत और मालवीय साकेत के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है.



# मध्यप्रदेश में मानसून का 25% कोटा हुआ पूरा

## 08 प्रतिशत अधिक वर्षा अभी तक प्रदेश में हुई

**भोपाल, 12 जुलाई. देर से पहुंचे मानसून ने जुलाई के शुरुआती दिनों में जोरदार वापसी कर मध्य प्रदेश में बारिश की कमी को काफी हद तक पूरा कर दिया है. जून में सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज होने के बावजूद जुलाई की लगातार बारिश ने प्रदेश को औसत से 8 प्रतिशत अधिक वर्षा की स्थिति में पहुंचा दिया है.**

अब तक राज्य में औसतन 9.4 इंच वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य 8.7 इंच से अधिक है. इस प्रकार प्रदेश अपने वार्षिक मानसूनी कोटे का लगभग 25 प्रतिशत पानी प्राप्त कर चुका है.

### झमाझम बारिश से बदली राज्य की तस्वीर

मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ गरज-चमक, तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है. ग्वालियर, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, मंडला, मुरैना, नर्मदापुरम और निवाड़ी सहित कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. इस वर्ष मालवा-निमाड़ क्षेत्र में सबसे अधिक वर्षा हुई है. देवास जिले में अब तक लगभग 17.9 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो उसके सामान्य मानसूनी कोटे के आधे से अधिक के बराबर है. दूसरी ओर, आलीराजपुर में सबसे कम करीब 2.3 इंच वर्षा हुई है.

> प्रदेश के 30 जिलों में सामान्य से अधिक, जबकि 25 जिलों में अब भी सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है. मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले सप्ताह एक नया मौसम तंत्र सक्रिय हो सकता है, जिसके प्रभाव से प्रदेश में पुनः व्यापक और तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है. लगातार हो रही वर्षा से नदियां और जलाशय भरने लगे हैं, जिससे कृषि क्षेत्र को राहत मिली है, हालांकि कुछ इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति भी बनी हुई है.

# आदिवासी 'जेन जी फेस्ट' आयोजित

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 12 जुलाई. कांग्रेस ने रविवार को 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत सिंधु भवन में 'आदिवासी जेन जी फेस्ट' का आयोजन किया, जिसमें आदिवासी संस्कृति, युवा प्रतिभाओं और शिक्षा-रोजगार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया.**



प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी सांस्कृतिक दलों ने लोकनृत्य एवं लोकसंगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं. महाराष्ट्र के प्रसिद्ध आदिवासी रैपर माही जी के प्रदर्शन ने युवाओं में विशेष उत्साह का माहौल बनाया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' अभियान देश के छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं का मंच है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज का युवा शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है तथा कांग्रेस उनकी आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और विरासत देश की अमूल्य धरोहर है. उन्होंने आदिवासी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई. राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि आदिवासी युवा भारत के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समन्वयक डॉ. अंशुल त्रिवेदी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य आदिवासी जेन जेड युवाओं की आकांक्षाओं और आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है. एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशीष चौकसे ने बताया कि यह अभियान जल्द ही प्रदेश के सभी जिलों और छात्रों तक पहुंचाया जाएगा.

# आशुतोष का नामांकन आज

## नरोत्तम मिश्रा समेत भाजपा नेतृत्व रहेगा मौजूद

**भोपाल, 12 जुलाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व सोमवार 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे दतिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर दतिया विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का नामांकन दाखिल कराएंगे.**

नामांकन दाखिले के बाद दतिया में दोपहर एक बजे किला चौक पर विशाल आमसभा आयोजित होगी.

जनसभा को मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और नरोत्तम मिश्रा समेत सभी नेता संबोधित करेंगे. दतिया में नामांकन दाखिले का अंतिम दिन सोमवार को ही है. यहां पर आशुतोष तिवारी का मुख्य मुकाबला कांग्रेस के घनश्याम सिंह के साथ है.

नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार 14 जुलाई को होगी और 16 जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे. इस बीच भाजपा प्रत्याशी ने अपना चुनाव प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है.

# शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने की महिला की हत्या

## 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**धार, 12 जुलाई. जिले में एक महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है.**

पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को कोतवाली थाना क्षेत्र में एक कृषि फार्म के समीप सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में एक अज्ञात महिला का शव मिला था. जांच के दौरान मृतका की पहचान मंजुबाई के रूप में हुई. विवेचना में सामने आया कि नौ जुलाई को आरोपी रमेश उर्फ दुबलिया, निवासी ग्राम सोडपुर (नालछा), महिला को इंदौर के रानीपुरा बाजार से कटलरी का सामान खरीदने के बहाने मोटरसाइकिल पर अपने साथ ले गया था. पुलिस जांच में पता चला कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और मृतका आरोपी पर विवाह करने का दबाव बना रही थी. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. आरोप है कि गुस्से में आरोपी ने तुर्क बगड़ी बायपास मार्ग के पास महिला के साथ मारपीट की और गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी.



### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत किया पौधरोपण

**ग्वालियर.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को ग्वालियर एयरपोर्ट के बाहर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया.

# पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश नाकाम

## 05 बदमाश गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस ने शाजापुर जिले में एक बड़ी डकैती की वारदात को समय रहते विफल करते हुए पेट्रोल पंप को निशाना बनाने की साजिश रच रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, आभूषण, वाहन और वारदात में इस्तेमाल होने वाले उपकरण सहित करीब 16.5 लाख रुपये का माल बरामद किया है.

पुलिस को मिली सटीक सूचना के आधार पर मक्सी थाना पुलिस ने एबी रोड बायपास पुल क्षेत्र में दबिश दी, जहां आरोपी



कथित तौर पर डकैती की योजना बना रहे थे. पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और गुलेल से पथराव कर पुलिस दल पर हमला कर दिया. कार्रवाई के दौरान एक आरोपी ने आरक्षक चंद्रशेखर जाट पर पेचकस से हमला कर उन्हें घायल कर दिया.

> इसके बावजूद पुलिस टीम ने सभी पांच आरोपियों को दबोच लिया. पूछताछ में आरोपियों ने 20 जून को हुई एक लूट की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए सिरोलिया जंगल में छिपाए गए चोरी के आभूषणों की जानकारी दी. पुलिस ने वहां से करीब 4.5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए. इसके अलावा एक कार, गैस कटर तथा डकैती की योजना में इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं.

### गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में चाकू से हमला, तीन कर्मचारी घायल

**भोपाल.** गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में कर्मचारियों पर चाकू से हमले के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) भोपाल ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार घटना भदभदा और सूखी सेवनिया रेलवे स्टेशनों के बीच हुई. आरोप है कि अवैध वेंडर बताए जा रहे जितेंद्र खटीक और अंकित सुपारी ने ट्रेन में कार्यरत कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में विजय कुमार, आनंद कुमार और किशन घायल हो गए. घायलों में विजय कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है.

# भोपाल मंडल ने कमाए 267 .77 करोड़

## पहली तिमाही में ही हुई यात्री संख्या में भी बढ़ोतरी

**भोपाल, 12 जुलाई. पश्चिम मध्य रेल ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में यात्री यातायात से उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया है. अप्रैल से जून के दौरान रेलवे को कुल 685.83 करोड़ रुपये का ऑरिजिनेटिंग राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.22 प्रतिशत अधिक है.**




इस दौरान आरक्षित और अनारक्षित श्रेणियों में कुल 3.06 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की, जो गत वर्ष से 3.2 प्रतिशत ज्यादा है. मंडलवार आंकड़ों में भोपाल मंडल ने सर्वाधिक 267.77 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जबकि जबलपुर मंडल ने 267.21 करोड़ और कोटा मंडल ने 150.84 करोड़ रुपये की आय प्राप्त की. जून माह में अकेले 228.88 करोड़ रुपये का राजस्व और 1.03 करोड़ यात्रियों की संख्या दर्ज की गई. राजस्व वृद्धि के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेनों का संचालन, अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था, एलएचबी कोचों का विस्तार, ट्रेनों की समयपालन में सुधार तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार जैसे कई कदम उठाए हैं. पश्चिम मध्य रेल ने भविष्य में भी यात्री सुविधाओं और राजस्व वृद्धि के लिए ऐसे प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है.

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी ननदोई गिरफ्तार

**ग्वालियर.** जिले के पिछोर-डबरा थाना क्षेत्र में घर में अकेली महिला से कथित दुष्कर्म और उसके पति से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी ननदोई को गिरफ्तार कर लिया है. 28 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार रात उसका पति खेत पर सिंचाई के लिए गया हुआ था, जबकि बच्चे और सास घर में सो रहे थे. इसी दौरान उसका ननदोई वीरेन्द्र सिंह घर पहुंचा. आरोप है कि उसने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया. शिकायत के अनुसार महिला की सास मौके पर पहुंचीं तो आरोपी ने उन्हें धक्का देकर कमरे से बाहर कर दिया. इसके बाद सास ने पड़ोसी के मोबाइल से अपने बेटे को घटना की सूचना दी.

**साक्षात्कार** — मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बचपन के अनुशासन और संस्कार पर खोले दिल के राज

# पिता की सीख और निजी जीवन पर बेबाकी से रखी बात

**भोपाल, 12 जुलाई. मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अपने बचपन के उस दौर को याद किया, जब स्कूल में गुरुजनों को बच्चों को अनुशासित करने का पूरा हक़ दिया जाता था.**

एक पॉडकास्ट बातचीत में उन्होंने पुराने ज़माने की वह कहावत दोहराई, जो अभिभावक दाखिले के समय शिक्षकों से कहते थे — 'हड्डी हड्डी हमारी है, चमड़ी चमड़ी आपकी है.' 'अर्चित जैन बेंगलुरु पोडकास्ट' पर होस्ट अर्चित जैन से बातचीत



में मंत्री ने खुलकर स्वीकार किया कि वे स्वयं माता-पिता और गुरुजनों, दोनों के हाथों पिटे हैं. उनके अनुसार, गलती पर डांट और मार उस दौर की सामान्य बात थी, पर गुरुजनों ने प्रेम और स्नेह से ही जीवन के कई पाठ पढ़ाए. मंत्री ने यह भी माना कि अब समय बदल गया है. उनका कहना था कि आज माता-पिता के सिखाने और बच्चों के सीखने, दोनों के तरीके पहले से कहीं बेहतर हो गए हैं.

विधायक-पुत्र होते हुए भी पढ़ाई में पीछे न रहने के सवाल पर श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने विद्यार्थी जीवन में हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान दिया. इसका श्रेय उन्होंने माता-पिता के संस्कार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिक्षा और गुरुजनों की कृपा को दिया. उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग में उन्हें शीर्ष स्थान मिला. गीता के प्रभाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा — 'केवल अपना कर्म करने पर ध्यान लगाना चाहिए और फल की चिंता नहीं करना चाहिए.' मंत्री ने बताया कि वे भगवद्गीता पर लिखने का प्रयास भी कर रहे हैं. निजी जीवन पर बात करते हुए मंत्री ने अपनी पत्नी सुजाता को अपना 'सबसे बेस्ट फ्रेंड' बताया.

> संघ से जुड़ाव के बारे में उन्होंने याद किया कि लगभग नौ-दस वर्ष की उम्र में वे शाखा जाने लगे थे. उन्होंने जयराम टहल्यानी नाम के एक बुजुर्ग प्रचारक को याद किया, जो धोती-कुर्ता और टायर से बनी चप्पलें पहनते और बेहद सादगी से रहते थे. मंत्री ने बताया कि फुटबॉल के एक किस्से से शुरू होकर, खेल-कहानी और गीत के जरिए उन प्रचारक ने बच्चों को धीरे-धीरे शाखा से जोड़ा. भगत सिंह, वीर हकीकत राय, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज जैसी कहानियों से उन्हें प्रेरणा मिलती गई.



# मानसून में धुआंधार का रौद्र सौंदर्य

**जबलपुर, 12 जुलाई. लगातार हो रही मानसूनी बारिश से भेड़ाघाट स्थित विश्व प्रसिद्ध धुआंधार जलप्रपात इन दिनों अपने भव्य और रौद्र रूप में नजर आ रहा है.**

नर्मदा नदी का बढ़ा जलस्तर और जलप्रपात की गर्जना देशभर से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रही है.

### पर्यटकों की उमड़ रही भीड़

बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से बड़ी संख्या में सैलानी धुआंधार का प्राकृतिक सौंदर्य देखने पहुंच रहे हैं. वहीं बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने पर्यटकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है. पर्यटकों ने भेड़ाघाट में स्वच्छता, पर्याप्त कूड़ेदान और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की है.